म्यांमार सीमा से करगिल तक पांच हजार किलोमीटर का सफर तय करेंगी 50 पार की 12 पर्वतारोही

बछेंद्री पाल हिमालयी राज्यों की पैदल यात्रा करेंगी

देहरादून | **शैलेन्द्र सेमवाल**

एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाली पहली भारतीय महिला पर्वतारोही बछेंद्री पाल 12 महिलाओं के साथ ट्रांस हिमालय की यात्रा पर रवाना होंगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मंगलवार को दिल्ली में पांच हजार किलोमीटर लंबी इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी।

पांच महीने तक चलने वाली यह यात्रा 12 मार्च से म्यांमार सीमा पर स्थित पंगासु दर्रा (अरुणाचल प्रदेश) से शुरू होगी। अभियान का नेतृत्व कर रहीं बछेंद्री पाल 68 वर्ष की हैं और अन्य सदस्य भी 50 से ज्यादा उम्र की हैं। टीम अरुणाचल प्रदेश, असम, बंगाल, सिक्किम, नेपाल, उत्तराखंड, हिमाचल, लद्दाख होते हुए कश्मीर पहुंचेगी। फिट इंडिया अभियान के तहत टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन और खेल मंत्रालय अभियान का आयोजक है।

बछेंद्री पाल के साथ पर्वतारोही टीम। ● हिन्दुस्तान

18 हजार फीट से ज्यादा ऊंचे 37 कठिन पर्वतीय दर्रों को पार करेगी टीम

16 हजार फीट से ज्यादा ऊंची करगिल की चोटी पर खत्म होगी यात्रा

यह अभियान मेरा सपना था कि मैं 50-60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को प्रेरित करने के लिए कुछ ऐसा करूं, जो पहले कभी न हुआ हो।

-**बछेंद्री पाल**, पर्वतारोही